# एनएससी के ऑपरेशन थिएटर में घुस कर चिकित्सक पर हमला

## डॉक्टर से मारपीट के बाद बेटी को भी बनाया निशाना, स्वास्थ्य तंत्र पर दाग, प्रभारी नेहरू चिकित्सालय की भूमिका संदिग्ध

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत में शुरू हुआ विवाद अब अस्पताल की चारदीवारी से निकलकर फरियादी के घर तक पहुंच गया है। मामला न सिर्फ एक डॉक्टर के साथ ऑपरेशन थिएटर में मारपीट और धमकी का है, बल्कि अब आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर फरियादी की बेटी पर भी हमला करने का प्रयास किया। इस सनसनीखेज मामले में सीसीटीव्ही कैमरों में घटना के कुछ अहम वीडियो फुटेज उपलब्ध होने की बात सामने आई है।**

जयंत पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के फरियादी रवि शाह पिता स्व. ओमप्रकाश शाह उम्र 44 वर्ष निवासी जोधपुर राजस्थान वर्तमान में नेहरू शताब्दी चिकित्सालय



जयंत में पदस्थ हैं। उन्होंने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 25 दिसंबर को सुबह करीब 11:30 बजे वह ऑपरेशन थिएटर में अपनी ड्यूटी निभा रहे थे।

इसी दौरान दबंगबाज नितिन चौरसिया और उनकी पत्नी डॉ. मोलिना चौरसिया जबरन ऑपरेशन थिएटर में घुस आए और कथित तौर पर तीन दिन का पेमेंट कटने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। शोर सुनकर ओटी स्टाफ दिनेश शर्मा, भुवनेश, डॉ. महेश और ओटी असिस्टेंट कृष्णा कुमार ने बीच-बचाव किया, तब जाकर मामला शांत हुआ। जाते-जाते आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट से फरियादी के सिर, बाएं कंधे और पीठ में चोट आई हैं। इतना ही नहीं, फरियादी का आरोप है कि घटना के बाद आरोपी उनके घर में घुस आए और उनकी बेटी के साथ भी मारपीट करने का प्रयास किया। इस दौरान की गतिविधियां घर और आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरों में कैद हुई हैं, जिनके कुछ एनएस वीडियो पुलिस के पास उपलब्ध बताए जा रहे हैं। यह तथ्य मामले को और गंभीर बना देता है। पूरा प्रकरण अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। खासतौर पर प्रभारी नेहरू चिकित्सालय डॉ. पंकज कुमार की भूमिका को लेकर चर्चाएं तेज हैं।

आरोप है कि उनकी चुप्पी और कथित संरक्षण के कारण आरोपी इतने बेखौफ नजर आए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। यह मामला अब सिर्फ एक डॉक्टर से मारपीट का नहीं, बल्कि कानून-व्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही की अग्निपरीक्षा बन चुका है।

### सर्जरी के दौरान दबंग ने ऑपरेशन थिएटर में किया था प्रवेश

फरियादी ने एनएससी प्रभारी जयंत को पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि डॉ. मोलिना चौरासिया एवं उनके पति ने ऑपरेशन थिएटर में चल रही उच्च जोखिम वाली सर्जरी के दौरान जबरन प्रवेश कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा शारीरिक हमला करने का प्रयास किया। ऑपरेशन थिएटर के भीतर मौजूद लगभग 10 कर्मचारियों के हस्तक्षेप से शिकायतकर्ता की जान बच सकी और आरोपी को बाहर निकाला गया। घटना के बाद डॉ. मोलिना चौरासिया एवं उनके पति शिकायतकर्ता के निवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने शिकायतकर्ता की पत्नी और पुत्री को भयभीत किया। आरोपीगण ने घर का दरवाजा पीटते हुए अश्लील गालियां दीं, जान से मारने की धमकी दी तथा नौकरी से इस्तीफा देने के लिए दबाव बनाया। इस घटना से शिकायतकर्ता का परिवार गंभीर मानसिक आघात, भय और असुरक्षा की स्थिति में है। जहां सुरक्षा की मांग की है।

### शिकायत के प्रति गंभीर नहीं दिखे एनएससी प्रभारी

सूत्रों के मुताबिक एनएससी जयंत के चिकित्सक डॉ. रवि शाह ने उक्त आरोपियों के हरकत को देख 24 दिसम्बर को प्रभारी नेहरू शताब्दी चिकित्सालय जयंत के लिखित शिकायत दिया था। परंतु आरोप लग रहा है कि प्रभारी एनएससी डॉ. पंकज कुमार ने उक्त पीड़ित चिकित्सक के शिकायत को गंभीरता से नही लिया और या फिर इसके पीछे कोई बड़ी कहानी है। जो पर्दे के पीछे खेला जा रहा है। पर्दे के पीछे खेली जा रही इस कहानी के असली किरेदार ही तभी बता पाएंगे, जब पुलिस इनसें भी कड़ाई के साथ पूछतांछ करेगी। या फिर प्रभारी ही सच्चाई बता पाएंगे।



# सीधी-सिंगरौली एनएच-39 की पोल खुली, आईआईटी ने संभाली कमान

## एनएच-39 की जांच से एमपीआरडीसी में मचा हलचल

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। सीधी-सिंगरौली एनएच 39, तेरह वर्षो से निर्माणाधीन है। अब एनएचआई अधिकारियों के मौजूदगी में आईआईटी बीएचयू की टीम अधूरे ढाचों का संरचनात्मक ऑडिट कर रही है। इस दौरान सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कर्थुआ आशीष धर भी मौजूद रहे।**

सीधी-सिंगरौली मार्ग एनएच 39 पर स्थित अपूर्ण प्रमुख संरचनाओं के संरचनात्मक ऑडिट एवं कार्यात्मक उपयुक्तता के आंकलन का कार्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी बीएचयू के प्रोफेसर केके पाठक के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस कार्य के लिए प्रो. पाठक के साथ 4 से 5 विशेषज्ञ सदस्यों की टीम पिछले दो दिनों से क्षेत्र में लगातार निरीक्षण कर रही है। आज दिन शनिवार को कर्थुआ क्षेत्र स्थित नौआ नाला का संयुक्त निरीक्षण किया गया।जिसमें कई खामियां भी पाई गई।

### एक नजर में

#### दुधमनिया में किसान कांग्रेस का प्रदर्शन 31 को



**सिंगरौली।** तहसील मुख्यालय दुधमनिया में किसान कांग्रेस पार्टी का जंगी प्रदर्शन 31 दिसम्बर को सुबह 10 बजे पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। किसान कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक सिंह पैगाम ने बताया कि प्रदेश में भ्रष्ट भाजपा सरकार एवं सिंगरौली जिला प्रशासन के सरंक्षण में आम आदमी, गरीब किसान मजदूर, बेरोजगार युवा, महिलाओं पर दिन-प्रतिदिन अत्याचार हो रहा है। इन्ही सब मुद्दों को लेकर 31 दिसम्बर को तहसील दुधमनिया में विशाल आंदोल प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें 10 सूत्रीय मांगें शामिल है।

#### एनएसएस का स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित



**सिंगरौली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयंत के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का चौथा दिन आज दिन शनिवार को दुद्धिचुआ मिडिल स्कूल में हुआ सार्वजनिक स्वास्थ्य और स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां सभी स्वयंसेवकों द्वारा वार्ड 17 स्थित शा.पूर्व मावि दुद्धिचुआ परिसर में स्वच्छता कार्य करके झुग्गी बस्तियों में जाकर सार्वजनिक स्वास्थ्य के बारे में बस्तिवासियों को जागरूक किया गया । बौद्धिक चर्चा के समय कार्यक्रम अधिकारी और मुख्य अतिथि एपीएस रीवा रा.से.यो. समन्वयक अधिकारी डॉ. अभिमन्यु प्रताप, एनएसएस के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के छायाप्रति पर द्वीप प्रचलित कर किया।



# मेढ़ौली में खनन से बिगड़े हालात मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

## संगठन के पदाधिकारियों ने लोगों के हालात देख जताई चिंता

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। मोरवा में मेढ़ौली वार्ड क्रमांक 10 में खनन गतिविधियों के चलते ग्रामीणों की स्थिति दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। कंबल वितरण के उद्देश्य से क्षेत्र में पहुंचे मानवाधिकार व अपराध नियंत्रण संगठन के पदाधिकारियों ने जब वहां की वास्तविक स्थिति देखी, तो स्थानीय निवासियों की दुर्दशा सामने आई।**

ग्रामीणों ने उन्हें बताया कि चारों ओर से माइंस की खुदाई कर दी गई है, जिससे आने-जाने के लिए केवल एक संकरा कच्चा रास्ता ही शेष बचा है। क्षेत्र में न तो पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है और न ही बिजली की सुविधा उपलब्ध है। लगातार हो रही ब्लास्टिंग से कई मकान क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि उनका मामला एनसीएल के साथ लंबे समय से लंबित है। अभी तक प्रभावित परिवारों को न तो आवास के बदले प्लॉट मिला है और न ही मुआवजे की राशि का भुगतान किया गया है। इससे लोगों का जीवन संकट में पड़ गया है। इस बाबत जानकारी देते हुए संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में निवासरत गोंड, बैगा, खैरवार और अगरिया जैसी वनवासी जनजातियों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है। ग्रामीणों को ब्लास्टिंग के दौरान पेड़ों के नीचे छिपकर जान बचानी पड़ती है, लेकिन उनकी सुरक्षा और अधिकारों को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों पर आरोप लगया की इस गंभीर मानवीय समस्या पर दोनों ही आंखें मूंदे हुए हैं।

# चितरंगी के बसनिया गांव में यात्री बस एवं ट्रक के बीच सीधी टक्कर

## बस एवं ट्रक के चालक समेत आधा दर्जन मुसाफिर घायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चितरंगी में चल रहा इलाज

**नवभारत न्यूज**

**चितरंगी 27 दिसम्बर। जिले के मोरवा-चितरंगी मुख्य मार्ग पर एक बार फिर तेज रफ्तार ने जानलेवा रूप दिखाया। मोरवा से चितरंगी की ओर जा रही जायसवाल बस को बसनिया के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस और ट्रक दोनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया।**



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक वाहन क्रमांक एमपी 19 एचए 4850 अत्यधिक गति में था और नियंत्रण खो बैठा। सामने से आ रही जायसवाल बस सर्विस क्रमांक एमपी 66 पी 0354 को संभालने का मौका तक नहीं मिला। इस भीषण हादसे में बस चालक, ट्रक चालक सहित चार लोग घायल हो गए।

घायलों में 14 वर्षीय बालिका ज्योति यादव पिता रामलालन यादव गंभीर रूप से घायल हुई है, जबकि मुकेश केवट पिता बिषेशर केवट उम्र 27 वर्ष समेत अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को बाहर निकाला और पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में इलाज जारी है।

इस दुर्घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और वाहनों की अनियंत्रित रफ्तार पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की गहराई से जांच की जा रही है, लेकिन लगातार हो रहे ऐसे हादसे प्रशासनिक सतर्कता पर गंभीर सवाल छोड़ जाते हैं।

# नवानगर में युवा कांग्रेस ने शुरू किया बूथ जोड़ो यूथ कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। युका सिंगरौली विधानसभा में चलो पंचायत चलो, चौपाल चलो, बूथ जोड़ो यूथ, जवाब दो भाजपा सरकार कार्यक्रम शुरू किया।**

युवा कांग्रेस सिंगरौली विधानसभा कार्यालय नवानगर में म.प्र. युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव धीरज सिंह परिहार के मुख्य अतिथि में एवं म.प्र. युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव शिवम पाण्डेय तथा सह प्रभारी के विशिष्ठ अतिथि में म.प्र. युकां के प्रदेश प्रवक्ता पंकज पाण्डेय की उपस्थिति में जिला अध्यक्ष युकां प्रेम प्रकाश सिसोदिया व जिला उपाध्यक्ष युकां मनोज सिंह के अगुवाई में विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष सूर्य प्रकाश सिंह चंदेल के अध्यक्षता में एवं ब्लॉक अध्यक्ष नवानगर युकां कुंदन पाण्डेय के नेतृत्व संगठनात्मक बैठक एवं चलो पंचायत चलो, चौपाल चलो, बूथ जोड़ो यूथ, जवाब दो भाजपा सरकार कार्यक्रम के लिए शामिल हुए। मनोज सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम चलो बूथ चलो, पंचायत एवं जवाब दो भाजपा सरकार के फलस्वरूप इस बैठक का आयोजन किया गया है।




# रम्पा कॉलेज का रजमिलान के छात्रों ने किया भ्रमण

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर।** शाउमावि रजमिलान में अध्यनरत 9 से 12वीं के लगभग 120 विद्यार्थियों के द्वारा शैक्षणिक दल के साथ शास. आदर्श महावि. रम्पा में भ्रमण कर महावि. में उपलब्ध सुविधाओं और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में वृहद जानकारी प्रदान की गई । महाविद्यालय की ओर से प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एमएन तिवारी, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार चतुर्वेदी समेत अन्य मौजूद रहे।

# बासी बेरदहा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण किट का हुआ वितरण

## अदाणी फाउंडेशन की ममता परियोजना से गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों को मिला पोषण का संबल

**नवभारत न्यूज**

**सरई 27 दिसम्बर। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन निरंतर सार्थक पहल कर रहा है। इसी क्रम में सरई तहसील अंतर्गत धिरौली एवं सुलियरी परियोजना के आसपास के गांवों में ममता परियोजना के तहत गर्भवती महिलाओं और कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।**




इस पहल का उद्देश्य गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं तथा छोटे बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार लाना और मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। इसी उद्देश्य के तहत ग्राम बासी बेरदहा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण किट वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं अपने बच्चों के साथ उपस्थित रहीं। इस अवसर पर 15 गर्भवती महिलाओं को पोषण किट तथा 22 कुपोषित बच्चों को नि:शुल्क सुपोषण किट वितरित किए गए। कार्यक्रम में पुष्पेंद्र धुर्वे थाना प्रभारी लंघाडोल, चंदा पनिका सरपंच, ग्राम पंचायत बासी बेरदहा, बासी बेरदहा सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही। प्रत्येक गर्भवती महिला को दिए गए पोषण किट में सोयाबीन, मूंग दाल, अरहर दाल, मूंगफली, गुड़ और घी शामिल थे, जबकि कुपोषित बच्चों के लिए तैयार सुपोषण किट में उच्च प्रोटीन और ऊर्जा से भरपूर सामग्री दी गई।

# लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी की सामान्य बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। जिला मुख्यालय स्थित होटल सत्या इंटरनेशनल बैढ़न के सभागार में लायंस क्लब ऑफ बैढ़न सिटी की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनी ने की।**

बैठक में अध्यक्ष द्वारा क्लब के आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई, जिसमें शीत ऋतु को देखते हुए कंबल वितरण, पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण अभियान तथा सदस्यों के लिए पारिवारिक पिकनिक आयोजन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया। बैठक में क्लब सचिव विनम्र सिंह, कोषाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित एसडी सिंह, सजन अग्रवाल, कामतानाथ केसरवानी, डॉ. डीके मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार गुप्ता, जेएन श्रीवास्तव, मोहन जायसवाल, संजय ताम्रकार, इम्तियाज अहमद, पंकज शुक्ला, जम्मू बेग, प्रदीप अग्रवाल, अजय गुप्ता, ऋषभ अग्रवाल, अजय सिंह, नारायण दास गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जट्‍ठाटोला पुल निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी के आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। जिले में पुल निर्माण में अनियमितता का मामला सामने आया है। जिले के ग्राम पंचायत गोरा के जट्ठाटोला में आरईएस विभाग द्वारा 35-36 लाख रुपये की लागत से बन रहे पुल निर्माण में अनियमितता का मामला सामने आया है।**



ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिसमें बाल मजदूरी का सहारा लिया जा रहा है। ठेकेदार अवैध बालू का उपयोग कर रहे हैं और निर्माण में गुणवत्ता मानकों की भारी अनियमितता देखी जा रही है। ग्रामीण इसकी शिकायत कलेक्टर के पास करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही से पुल निर्माण में गुणवत्ता मानकों की भारी अनियमितता देखी जा रही है, जिससे आम जनता की सुरक्षा खतरे में है। अनियमितताओं में अवैध बालू का उपयोग, 8 से 10 एमएम की सरिया का उपयोग, सीमेंट की मात्रा कम होना और बाल मजदूरी का सहारा लेना शामिल है। इस मामले में प्रशासन को जल्द से जल्द कार्रवाई करनी चाहिए और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ग्रामीणों का कहना है कि वे इस मामले में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं करेंगे और अपनी मांगों को पूरा करने के लिए संघर्ष करेंगे।

# आम जनमानस को दिया स्वच्छ व स्वस्थ्य भारत का संदेश

## नगर निगम ने क्षेत्र में रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 27 दिसम्बर। राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों में स्वच्छ गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रति दिवस की जाने वाली गतिविधियों का कलैंडर जारी किया गया है।**




नपानि क्षेत्रांतर्गत में ननि आयुक्त सविता प्रधान के मार्गदर्शन में रैली निकाल कर आम जनमानस को सूखा एवं गिला कचरा अलग-अलग रखने दुकानदारों को अपने आसपास साफ -सफाई रखने के साथ ही अपने दुकानों के सामने दो डस्टबिन रखने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में शामिल महात्मा गांधी जी ने स्वच्छता को एक आदत बनाने और इसे हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी मानने के लिए सभी को प्रेरित किया। रैली में शामिल गांधी जी ने दुकानदारों के पास पहुंच उनसे संवाद कर स्वच्छता अभियान से जुड़कर स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। वही साफ-सफाई अभियान के तहत मोरवा जोन में सरस्वती ज्ञान मंदिर, शिव मंदिर, नेहरू नगर के पास बहने वाले नाले जयंत जोन में, बस स्टैंड के पास वाले नाले नाला, ग्रामीण जोन में कल्याण मंडप के पास वाले नाले, नवजीवन बिहार जोन एचआईजी कॉलोनी बैढ़न जोन में आनंद प्रिंटर्स के पास वाले नाले की सफाई हुई। इसके साथ ही वार्डो में नलियों की साफ-सफाई कराकर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया गया। स्वच्छता अभियान उपयुक्त आरपी बैस, स्वास्थ्य अधिकारी बीजी चतुर्वेदी सहित अन्य मौजूद रहे।